<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 01.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)</u>

चाईबासा में थैलैसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी पाजिटिव ब्लड चढ़ाने के मामले को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने राज्य सरकार को इस मामले में कड़े कदम उठाने का निर्देश दिया है। राजभवन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो।

****

रिम्स में बुंडू हादसे के घायलों से स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मुलाकात की। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को 1–1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

वहीं इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स के ब्लड बैंक समेत विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को जो खून चढ़ाया जाए वो पूरी तरह सुरक्षित रहे इसे सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गये हैं।

****

भवनाथपुर के जेएमएम विधायक अनंत प्रतापदेव आज पार्टी प्रत्याशी सोमेश सोरेन के पक्ष में प्रचार करने घाटशिला पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही पर भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पर तंज कसा और गंभीर आरोप लगाए।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 फरवरी 2024 को पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य घरों में मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

लोहरदगा में चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की ओर से यदुवीर धर्मशाला में महाराज जरासंध की जयंती मनाई । इस अवसर पर महाराज जरासंध के चित्र पर अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने माल्यार्पण किया और कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा ने जरासंध की जीवनी पर प्रकाश डाला।

****

जमशेदपुर शहर का प्रसिद्ध पुस्तक मेला रबींद्र भवन परिसर में 14 से 23 नवम्बर तक आयोजित होगा। इसमें दिल्ली, कोलकाता, पटना, गिरिडीह, गोरखपुर, रांची, झाड़ग्राम के नामी प्रकाशकों के साथ ही विश्व प्रसिद्ध प्रकाशनों के वितरक शहरवासियों के लिए पुस्तकों की एक बड़ी श्रृंखला प्रस्तुत करेंगे.

****

दुमका जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र के बोगली मोड़ पेट्रोल पंप के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई।

****

पलामू में सांसद खेल महोत्सव के लिए पलामू गढ़वा के 12 हजार दो सौ आठ खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। हाफ मैराथन के साथ 2 नवंबर से प्रतियोगिता शुरू होगी। यह जानकारी पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने आज डाल्टनगंज में दी।

*********समाप्त**********